एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

...तो इस साल डेब्यू करने जा रहे ऐक्टर को डेट कर रही हैं सोनाक्षी सिन्हा?

साल 2018 बॉलिवुड में शादियों का साल रहा है और साल 2020 को देखकर ऐसा लग रहा है कि यह रोमांस वाला साल साबित हो सकता है। इन दिनों बॉलिवुड की कई जोड़ियां अपने रोमांटिक लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। रियल लाइफ रोमांस कर रहे सितारों की लिस्ट में अब एक नाम सोनाक्षी सिन्हा का भी जुड़ गया है।

रिपोर्ट की मानें तो सोनाक्षी इन दिनों नए ऐक्टर ज़हीर इकबाल संग इश्क लड़ा रही हैं। बताना चाहेंगे कि ज़हीर एसकेएफ की फिल्म नोटबुक से साल 2019 में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में मोनीष बहल की बेटी प्रनूतन भी लीड रोल में नजर आएंगी।

नज़दीकी सूत्र की मानें तो सोनाक्षी और ज़हीर सलमान खान के जरिए एक-दूसरे से मिले। हालांकि, दोनों अभी तक साथ में पब्लिक के सामने ज्यादा नजर नहीं आए हैं, लेकिन वे पिछले महीने सलमान की बर्थडे पार्टी में जरूर साथ थे।

उम्मीद है कि इस साल बनने वाली तमाम नई जोड़ियों में से एक यह जोड़ी भी होगी। सोनाक्षी इस साल रिलीज़ होनेवाली मल्टीस्टारर फिल्म कलंक में नजर आनेवाली हैं, जिसमें माधुरी दीक्षित, वरुण धवन, आलिया भट्ट और संजय दत्त भी नजर आनेवाले हैं।

बताना चाहेंगे कि इन दिनों जो स्टार्स अपने लव लाइफ को लेकर चर्चा में हैं, उनमें रणबीर सिंह, आलिया भट्ट, मलाइका अरोड़, अर्जुन कपूर, अरबाज़ खान जैसे स्टार्स के नाम शामिल हैं।

कीर्तिदा मिस्त्री मणिपुरी राजकुमारी की भूमिका में दिखेंगी

अभिनेत्री कीर्तिदा मिस्त्री टेलीविजन धारावाहिक विक्रम बेताल की रहस्य गाथा में मणिपुर की राजकुमारी चित्रांगदा के किरदार में नजर आएंगी। कीर्तिदा ने एक बयान में कहा, ऐतिहासिक किरदारों ने मुझे हमेशा उत्साहित किया है। हर लड़की की तरह, मुझे भी राजकुमारी की तरह कपड़े पहनना और उस समय के जैसे चमकदार और भारी आभूषण पहनना पसंद है। उन्होंने कहा, उस युग के कॉस्ट्यूम बेहतरीन और अच्छी होते हैं। मेरा किरदार चित्रांगदा मणिपुर की राजकुमारी का है। वह बहुत सुंदर है, मासूम, खूबसूरत और मजबूत है। यह एक सकारात्मक किरदार है। मैंने एपिसोड की शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर उन्हें ऐतिहासिक और पौराणिक धारावाहिक पसंद है। अलिंद श्रीवास्तव और निसार परवेज द्वारा निर्मित शो में प्रत्येक सप्ताह अलग-अलग कहानियां प्रस्तुत की जाएंगी।

पुरुष किरदार निभाने को लेकर उत्साहित शुभांगी

टीवी शो भाभीजी घर पर हैं में अंगूरी भाभी का किरदार निभाकर लोकप्रिय हुईं अभिनेत्री शुभांगी अत्रे शो में अभिनेता आसिफ शेख के किरदार में नजर आएंगी, जो (आसिफ) शो में विभूति नारायण के किरदार में हैं। शुभांगी ने एक बयान में कहा, मैं विभूति का और आसिफ अंगूरी का किरदार निभाएंगे। पहली बार मैं पुरुष किरदार निभाने को लेकर उत्साहित हूं। इस तरह का मुश्किल, लेकिन रोमांचिक किरदार निभाना मजेदार है। शो ने 1,000 एपिसोड पूरे कर लिए हैं और अभिनेत्री शो का हिस्सा होने पर खुद को खुशकिस्मत मानती हैं। शुभांगी वेब सीरीज में भी काम करना चाहती हैं और प्रशंसकों के लिए अनोखे व अलग तरह के किरदार निभाना चाहती हैं।